भारत के राजपत्र असाधारण के भाग-I खंड-I में प्रकाशनार्थ

फा. सं. 6/22/2025-डीजीटीआर
भारत सरकार
वाणिज्य विभाग
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
व्यापार उपचार महानिदेशालय
चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग,
संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

दिनांक: जून 2026

अंतिम जांच परिणाम

मामला सं. एडी(ओआई-19/2025)

विषय: स्विट्जरलैंड के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "मिथाइल एसिटोएसीटेट" के आयात के संबंध में पाटनरोधी शुल्क जांच।

क. मामले की पृष्ठभूमि

1. मैसर्स लक्ष्मी ऑर्गेनिक इंडस्ट्रीज लिमिटेड (जिसे इसके बाद "आवेदक" या "याचिकाकर्ता" कहा गया है) ने समय-समय पर यथा-संशोधित सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (जिसे इसके बाद "अधिनियम" कहा गया है) और सीमा प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं पर पाटनरोधी शुल्क की पहचान, मूल्यांकन और संग्रहण और क्षति का निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे इसके बाद "नियमावली" कहा गया है) के अनुसार पाटनरोधी जांच शुरू करने और स्विट्जरलैंड (जिसे इसके बाद "संबद्ध देश" कहा गया है) के मूल के अथवा वहां निर्यातित "मिथाइल एसिटोएसीटेट" (जिसे इसके बाद "संबद्ध सामान" या "विचाराधीन उत्पाद" (पीयूसी) या "एमएए" कहा गया है) के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाने के लिए निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे इसके बाद "प्राधिकारी" कहा गया है) के समक्ष निर्धारित तरीके से एक आवेदन-पत्र दायर किया है।

ख. प्रकिया

2. जांच के संबंध में यहाँ नीचे वर्णित प्रक्रिया अपनाई गई है:

क. प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा प्रस्तुत पर्याप्त *प्रथम दृष्टया* साक्ष्य के आधार पर, दिनांक 26 जून 2025 की अधिसूचना संख्या 6/22/2025-डीजीटीआर के माध्यम से भारत के राजपत्र, असाधारण में एक सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की, जिसमें संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के आयात पर पाटनरोधी शुल्क जांच शुरू की गई।

ख. प्राधिकारी ने प्रश्नावली के साथ सार्वजनिक सूचना की एक प्रति भारत में संबद्ध देश के दूतावास, ज्ञात निर्यातकों, आयातकों और प्रयोक्ताओं (जिनके विवरण आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए थे) को भेजी और उन्हें पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(2) के अनुसार लिखित में अपने विचार व्यक्त करने का अवसर दिया। उन्हें सूचना की प्राप्ति की तारीख से तीस दिनों के भीतर उत्तर देने की सलाह दी गई थी।

ग. पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार, प्राधिकारी ने आवेदन-पत्र के अगोपनीय रूपांतर की एक प्रति भारत में संबद्ध देश के दूतावास, ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों को, संबद्ध देश से, भारत में ज्ञात आयातकों और प्रयोक्ताओं और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को भेजी।

घ. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार संबद्ध देश में संबद्ध सामानों के निम्नलिखित ज्ञात निर्यातकों/उत्पादकों से संगत सूचना मंगवाने के लिए प्रश्नावली भेजी:

i. आक्र्साडा एजी
ii. लोंज़ा लिमिटेड/लोंज़ा सॉल्यूशंस एजी, विस्प स्विट्जरलैंड

ड. उत्तर में, स्विट्जरलैंड से आर्ज़ादा एजी (जिसे इसके बाद "आर्ज़ादा" या "उत्तरदाता निर्यातक" कहा गया है) ने निर्धारित प्रारूप में निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर दायर किया और अनुरोध किए।

च. प्राधिकारी ने भारत में विचाराधीन उत्पाद के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना मंगाने के लिए आयातक प्रश्नावली भी भेजी:

i. कलरटेक्स इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड

ii. डेक्कन फाइन केमिकल्स (इंडिया)

iii. के. उत्तमलाल एंड कंपनी

iv. माइल्स ट्रेडेक्सिम प्राइवेट लिमिटेड

v. नूतन डाई केम

vi. पारीकेम रिसोर्सेज़ एलएलपी

vii. प्राइमा केमिकल्स, पॉलीगॉन केमिकल्स

viii. आर. नंदलाल एंड संस

ix. आरआर इनोवेटिव प्राइवेट लिमिटेड

x. संजय केमिकल्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड

xi. शक्ति अमोनिया सप्लाई कंपनी

xii. स्पेक्ट्रम डाइज़ एंड केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड

छ. किसी भी आयातक/प्रयोक्ता ने प्रश्नावली का कोई उत्तर दायर नहीं किया, न ही उन्होंने जांच की शुरुआत की अधिसूचना के उत्तर में कोई अन्य अनुरोध दायर है।

ज. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों और संबंधित प्रशासनिक लाइन मंत्रालय को एक आर्थिक हित प्रश्नावली (ईआईक्यू) जारी की। आर्थिक हित प्रश्नावली का उत्तर घरेलू उद्योग और आर्ज़ादा द्वारा दायर किया गया था।

झ. जांच शुरुआत अधिसूचना के उत्तर में हितबद्ध पक्षकारों के रूप में पंजीकृत होने का अनुरोध करने वाले पक्षकारों की एक सूची डीजीटीआर वेबसाइट पर अपलोड की गई थी और उन सभी से अनुरोध किया गया था कि वे प्राधिकारी को गोपनीय रूपांतर जमा करने की तारीख से अगले दिन तक अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों को अपने अनुरोधों का अगोपनीय रूपांतर भेजें।

ञ. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई सूचना की जांच उन दावों की पर्याप्तता के संबंध में की गई थी। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहां आवश्यक था गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं की गई है। जहां भी संभव हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को

गोपनीय आधार पर दायर की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर प्रदान करने का निर्देश दिया गया था।

ट. प्राधिकारी ने जांच की अवधि (पीओआई) को 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 (12 महीने की अवधि) माना। क्षति जांच की अवधि में 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022, 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 और 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 और जांच की अवधि शामिल है।

ठ. क्षति की अवधि के लिए संबद्ध सामानों के लेनदेन-वार आयात आंकड़ों के लिए सिस्टम और आंकड़ा प्रबंधन महानिदेशालय (डीजी सिस्टम) से अनुरोध किया गया था। प्राधिकारी को आंकड़े प्राप्त हुए और इस अंतिम जांच परिणाम में आवश्यक विश्लेषण के लिए इन आंकड़ों पर भरोसा किया गया है।

ड. प्रतिभागी हितबद्ध पक्षकारों का सत्यापन वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए आवश्यक मानी गई सीमा तक किया गया था।

ढ. प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा प्रस्तुत सूचना के आधार पर और सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) और पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-III को ध्यान में रखते हुए, भारत में इष्टतम उत्पादन लागत और घरेलू समान वस्तु के उत्पादन और बिक्री लागत के आधार पर क्षतिरहित कीमत (एनआईपी) निर्धारित की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्या वर्तमान पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त है।

ण. नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को 12 दिसंबर 2025 को हाइब्रिड मोड में निर्धारित मौखिक सुनवाई में मौखिक रूप से अपने अनुरोधों को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया। हितबद्ध पक्षकारों को 19 दिसंबर 2025 तक मौखिक रूप से व्यक्त किए गए विचारों के लिखित अनुरोधों को दायर करने का अवसर प्रदान किया गया था, जिसके बाद 26 दिसंबर 2025 तक कोई प्रत्युत्तर अनुरोध, यदि कोई है, दायर करने का अवसर दिया गया।

त. प्राधिकारी ने केंद्र सरकार को अंतिम सिफारिशें करने के लिए 28 अप्रैल 2026 को सभी हितबद्ध पक्षकारों विचाराधीन सभी अनिवार्य तथ्यों ये युक्त प्रकटन विवरण परिचालित किया। प्राधिकारी ने इन अंतिम जांच परिणामों में हितबद्ध

पक्षकारों द्वारा की गई सभी प्रकटन पश्चात टिप्पणियों की जांच संगत मानी गई सीमा तक की है। कोई भी अनुरोध जो केवल पिछले अनुरोधों की पुनरावृत्ति था, जिसकी प्राधिकारी द्वारा पहले ही पर्याप्त रूप से जांच की गई थी, उसे संक्षिप्तता के लिए दोहराया नहीं गया है।

थ. प्राधिकारी ने इस जांच प्रक्रिया के दौरान, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना, जो इन अंतिम जांच परिणामों का आधार बनती हैं, की सटीकता के संबंध में यथा-संभव सीमा तक संतुष्ट किया और घरेलू उद्योग तथा हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ा दस्तावेज़ों का संगत, व्यावहारिक और आवश्यक मानी गई सीमा तक सत्यापन किया।

द. जहां कहीं भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच के दौरान पहुंच से इनकार किया है या अन्यथा आवश्यक सूचना प्रदान नहीं की है, या जांच में अत्यधिक बाधा डाली है, प्राधिकारी ने ऐसे पक्षकारों को असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर अंतिम जांच परिणाम दर्ज किए हैं।

ध. इस अंतिम जांच परिणाम में '***' हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना और नियमावली के तहत प्राधिकारी द्वारा मानी गई सूचना दर्शाते हैं।

न. अमेरिकी डॉलर को भारतीय रुपये में बदलने के लिए जांच की अवधि की विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर - 84.55 रु. है।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु</u>

ग.1 <u>उत्तरदाता निर्यातक के विचार</u>

3. विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और समान वस्तु के संबंध में उत्तरदाता निर्यातक अर्जादा एजी द्वारा कोई अनुरोध नहीं किए गए हैं, जबकि लोन्ज़ा लिमिटेड/लोन्ज़ा सॉल्यूशंस एजी, विस्प स्विट्जरलैंड ने जांच में भाग नहीं लिया है।

ग.2 <u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

4. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और समान वस्तु के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. विचाराधीन उत्पाद स्विट्जरलैंड के मूल के अथवा वहां से निर्यातित मिथाइल एसिटोएसीटेट (एमएए) है।

ख. एमएए एक डिकेटीन आधारित एस्टर या एसीटोएसीटेट है। एमएए का रासायनिक सूत्र सी5 एच 8 ओ 3 है और 99% शुद्धता पर, यह एक रंगहीन रूप के साथ एक स्पष्ट तरल पदार्थ है। मिथाइल एसिटोएसीटेट का उपयोग मुख्य रूप से फार्मास्युटिकल उद्योग, कृषि रसायन उद्योग, पॉलीमर उद्योग में और अन्य उद्योगों में एक अभिकारक के रूप में किया जाता है। एमएए का उपयोग फ्लेवरिंग एजेंट और रंगद्रव्य में भी किया जाता है।

ग. प्राधिकारी ने चीन जन.गण., यूएसए से मिथाइल एसिटोएसीटेट के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच में, अधिसूचना संख्या 14/7/2014-डीजीएडी दिनांक 1 अप्रैल 2016 के माध्यम से उत्पाद को परिभाषित किया।

घ. विचाराधीन उत्पाद सीमा शुल्क प्रशुल्क उप-शीर्ष 29183040 के अंतर्गत आता है। जैसा कि संबद्ध सामानों के संबंध में पूर्व जांच में सिद्ध किया गया था, इसका आयात अन्य कोडों के तहत भी किया जाता है, जिनमें 29146990, 29153910, 29153940, 29153990, 29183090, 29331990, 29410090, और 29189900 शामिल हैं। वर्तमान क्षति की अवधि में, कोड 29183040, 29183090 और 29189990 के तहत आयात किया गया है। इसलिए, सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है।

ड. प्राधिकारी से अनुरोध है कि वे मिथाइल एसिटोएसीटेट के संबंध में पूर्व जांचों के क्षेत्र के अन्तर्गत माने गए सभी कोडों को शामिल करें, साथ ही शुल्क तालिका में कोड 29183090 और 29189990 को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करें।

च. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देश से निर्यातित संबद्ध सामानों में कोई ज्ञात महत्वपूर्ण अंतर नहीं है। भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देश से आयातित वस्तुएं भौतिक और रासायनिक विशेषताओं, विनिर्माण

प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, प्रकार्यों और प्रयोगों, उत्पाद विनिर्देशों, कीमत निर्धारण और वितरण और विपणन जैसी विशेषताओं के संदर्भ में तुलनीय हैं।

छ. आवेदक द्वारा उत्पादित संबद्ध सामान संबद्ध देश से आयातित सामानों की 'समान वस्तु' हैं।

ग.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

5. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद "मिथाइल एसिटोएसीटेट" है, जिसे "एमएए/एमएएई/एएएमई" के रूप में भी जाना जाता है। एमएए का रासायनिक सूत्र सी5 एच 803 है और 99% शुद्धता पर, यह एक रंगहीन रूप के साथ एक स्पष्ट तरल पदार्थ है।

6. एमएए एक डिकेटीन-आधारित एस्टर या एसीटोएसीटेट है। एस्टर अल्कोहल और एसिड के साथ गर्मी मुक्त करने के लिए एसिड के साथ प्रतिक्रिया करते हैं। प्रबल ऑक्सीकरण अम्ल एक जोरदार प्रतिक्रिया उत्पन्न कर सकते हैं जो प्रतिक्रिया उत्पादों को प्रज्वलित करने के लिए पर्याप्त रूप से एक्सोथर्मिक है। कॉस्टिक घोल के साथ एस्टर की परस्पर क्रिया से भी गर्मी उत्पन्न होती है। अल्काली धातुओं और हाइड्राइड के साथ एस्टर को मिलाकर ज्वलनशील हाइड्रोजन उत्पन्न किया जाता है।

7. मिथाइल एसिटोएसीटेट का उपयोग मुख्य रूप से फार्मास्युटिकल उद्योग, कृषि रसायन उद्योग, पॉलीमर उद्योग में और अन्य उद्योगों में एक अभिकारक के रूप में किया जाता है। एमएए का उपयोग फ्लेवरिंग एजेंट और रंगद्रव्य में भी किया जाता है।

8. विचारधीन उत्पाद के क्षेत्र और समान वस्तु के संबंध में किसी भी अन्य हितबद्ध पक्षकार ने कोई तर्क नहीं दिया है।

9. विचाराधीन उत्पाद उपशीर्ष 29183040 के तहत सीमा प्रशुल्क अधिनियम के अध्याय 29 में "मिथाइल एसिटोएसीटेट" के रूप में वर्गीकृत है। तथापि, आवेदक ने अनुरोध किया है कि वर्तमान क्षति की अवधि में, संबद्ध सामानों का आयात कोड 29183040, 29183090 और 29189900 के तहत किया गया है। डीजी सिस्टम्स आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि क्षति की अवधि के दौरान इन तीन कोडों के तहत आयात किया गया था। इसलिए, सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और किसी भी तरह से जांच के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

10. प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक द्वारा उत्पादित उत्पाद रासायनिक विशेषताओं, उत्पाद विनिर्देशों, तकनीकी विनिर्देशों, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, प्रकार्यों और प्रयोगों, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन और सामानों के प्रशुल्क वर्गीकरण के संदर्भ में संबद्ध देश से आयातित सामानों से तुलनीय है। दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से परस्पर परिवर्तनीय हैं। तदनुसार, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक द्वारा उत्पादित उत्पाद नियमावली के नियम 2(घ) के अनुसार संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद की 'समान वस्तु' है।

घ. घरेलू उद्योग का क्षेत्र और आधार

घ.1 उत्तरदाता निर्यातक के विचार

11. घरेलू उद्योग के क्षेत्र और उसके आधार के संबंध में उत्तरदाता निर्यातक द्वारा कोई अनुरोध नहीं किया गया है।

घ.2 घरेलू उद्योग के विचार

12. घरेलू उद्योग के क्षेत्र और आधार के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. आवेदक फरवरी 2022 तक भारत में संबद्ध सामानों का एकमात्र उत्पादक था। तथापि, चीन जन.गण. से आयात पर लागू शुल्कों द्वारा बनाए गए अनुकूल

वातावरण के कारण आवेदक के निष्पादन में सुधार को देखते हुए, जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड ("जुबिलेंट") ने फरवरी 2022 में भारत में संबद्ध सामानों के एक नए निर्माता के रूप में बाजार में प्रवेश किया। जुबिलेंट ने आवेदन-पत्र का समर्थन किया है और अपनी क्षति की सूचना प्रदान की है।

ख. आवेदक के उत्पादन में कुल घरेलू उत्पादन का "एक प्रमुख अनुपात" है।

ग. आवेदक ने संबद्ध सामानों का आयात नहीं किया है, न ही यह स्विट्जरलैंड में संबद्ध सामानों के किसी उत्पादक या निर्यातक या भारत में किसी आयातक से संबद्ध है। इसलिए, आवेदन-पत्र आधार की आवश्यकताओं को पूरा करता है और आवेदक नियमावली के अभिप्राय से घरेलू उद्योग है।

घ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

13. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग निम्नलिखित रूप में परिभाषित है:

> *''(ख) "घरेलू उद्योग'' का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में ''घरेलू उद्योग'' का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।"*

14. प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान आवेदन-पत्र मेसर्स लक्ष्मी ऑर्गेनिक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है। आवेदक पहले भारत में संबद्ध सामानों का एकमात्र उत्पादक था। इसी बात को प्राधिकारी ने संबद्ध सामानों के आयात से संबंधित पिछली जांच में भी नोट किया था। तथापि, यह नोट किया जाता है कि एक अन्य

उत्पादक अर्थात जुबिलेंट इंगेरेविया लिमिटेड (जिसे इसके बाद "जुबिलेंट" भी कहा गया है) ने क्षमता स्थापित की है और क्षति की अवधि अर्थात 2021-2022 (फरवरी 2022 में) भारत में संबद्ध सामानों के एक निर्माता के रूप में बाजार में प्रवेश किया। इसके अलावा, जुबिलेंट ने आवेदन-पत्र और शुल्क लगाने का समर्थन किया है। इसने क्षति की अवधि के दौरान अपने निष्पादन के संबंध में सार सूचना भी प्रस्तुत की है। यह देखा जाता है कि आवेदक का उत्पादन कुल भारतीय उत्पादन का ***% है, इस प्रकार आवेदक द्वारा उत्पादन कुल भारतीय उत्पादन में "प्रमुख अनुपात" है।

क्र.सं.	विवरण	मात्रा(एमटी)	हिस्सा (%)
1	आवेदक द्वारा उत्पादन	***	***%
2	जुबिलेंट द्वारा उत्पादन	***	***%
3	कुल भारतीय उत्पादन	***	100%

15. मैसर्स लक्ष्मी ऑर्गेनिक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने प्रमाणित किया है कि उसने न तो संबद्ध देश से संबद्ध सामानों का आयात किया है और न ही वह संबद्ध देश में संबद्ध सामानों के किसी निर्यातक या उत्पादक या भारत में विचाराधीन उत्पाद के आयातक से संबद्ध है। प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम के लेनदेन-वार आंकड़ों की जांच की और पाया कि आवेदक ने विचाराधीन उत्पाद का आयात संबद्ध देश से नहीं किया है।

16. उपरोक्त को देखते हुए, प्राधिकारी का मानना है कि आवेदक पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के अभिप्राय से पात्र घरेलू उद्योग है और आवेदन-पत्र नियमावली के नियम 5(3) के अनुसार आधार के मानदंडों को पूरा करता है।

ड. गोपनीयता

ड.1 उत्तरदाता निर्यातक के विचार

17. उत्तरदाता निर्यातक द्वारा गोपनीयता के संबंध में कोई अनुरोध नहीं किए गए हैं।

ड.2 घरेलू उद्योग के विचार

18. गोपनीयता के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. निर्यातक ने कच्चे माल के बारे में सूचना पर अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है, जिसकी प्रकृति उसके अपने उत्तर से अनुमान लगाया जा सकता है, जिससे उसके उत्तर की पूर्णता और सत्यता के बारे में सवाल उठते हैं।

ख. निर्यातक ने परिशिष्ट 1 में प्रदान की गई सूचना का कोई सार्थक सार प्रदान नहीं किया है, जिसमें अपने निष्पादन मापदंडों पर पूर्ण गोपनीयता का दावा किया गया हो।

ग. असंबद्ध व्यापारी ने संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के संबंध में सूचना प्रदान करने के लिए कोई उत्तर दायर नहीं किया है।

ड.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

19. प्राधिकारी ने नियम 6(7) के अनुसार विभिन्न पक्षकारों द्वारा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को दी गई सूचना का अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराया। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत सूचना की गोपनीयता के संबंध में, पाटनरोधी नियमावली के नियम 7 में निम्नानुसार प्रावधान है:

"गोपनीय सूचना:

(1) नियम 6 के उप नियमों (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सार प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और

यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सार नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सार करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सार रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।"

20. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई। घरेलू उद्योग ने तर्क दिया कि निर्यातक ने अपनी प्रतिक्रिया में विभिन्न सूचनाओं पर अनुचित गोपनीयता का दावा किया है। यह नोट किया जाता है कि निर्यातक ने परिशिष्ट-I का सार्थक सार प्रदान नहीं किया है और संबद्ध सामानों के निर्यात में शामिल व्यापारियों की प्रतिक्रिया उपलब्ध नहीं कराई है। जैसा कि धारा II में विस्तृत रूप से दिया गया है, निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर अधूरा है और इसलिए वर्तमान जांच के उद्देश्य से इस पर विचार नहीं किया जा रहा है।

च. <u>विविध अनुरोध</u>

च.1 <u>उत्तरदाता निर्यातक के विचार</u>

21. उत्तरदाता निर्यातक द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. चूंकि निर्यातक ने कीमत संबंधी वचनबद्धता पेशकश की है, इसलिए प्राधिकारी से अनुरोध है कि वे कीमत वचनबद्धता स्वीकार किए जाने पर कंपनी के विरुद्ध जांच को रोक दें।

ख. चूंकि कंपनी स्विट्जरलैंड में एकमात्र उत्पादक है, इसलिए प्राधिकारी जांच समाप्त करने पर विचार करें।

च.2 घरेलू उद्योग के विचार

22. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित विविध अनुरोध किए गए हैं:

क. जुबिलेंट के निष्पादन को दर्शाने वाला सूचकांक सही ढंग से प्रस्तुत किया गया था, हालांकि, आवेदक ने नकारात्मक चिह्न या ब्रैकेट को भूलकर छोड़ दिया, जो गिरावट की प्रवृत्ति को दर्शाता है। इस अनजाने में हुई त्रुटि को सुधारा गया था, और संशोधित क्षति की सूचना को पहले दायर लिखित अनुरोधों के अनुबंध के रूप में संलग्न किया गया था।

ख. प्राधिकारी इस वचनबद्धता को स्वीकार करने और जांच को रोकने पर विचार करें, यदि वे संतुष्ट हैं कि पाटन के क्षतिकारक प्रभावों को ऐसी कार्रवाई से समाप्त कर दिया जाएगा।

ग. किसी भी बाद के उल्लंघन की स्थिति में वचनबद्धता की स्वीकृति की समाप्ति पर जांच पुनः आरंभ करने की आवश्यकता होगी, जिससे आवेदक बीच की अवधि के लिए प्रभावी उपाय के बिना रह जाएगा। इसके विपरीत, जांच को रोकने से उल्लंघन की तारीख से अनंतिम शुल्क लगाया जा सकेगा और सतत संरक्षण सुनिश्चित होगा।

च.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

23. यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग ने जुबिलेंट के निष्पादन मापदंडों के अगोपनीय रूपांतर को प्रस्तुत करते समय अनजाने में कोष्ठक छोड़ दिया और परिणामस्वरूप लाभ का संकेत दिया, जबकि कंपनी को वित्तीय हानियों में वृद्धि हुई। तदनुसार, इसने अपने लिखित अनुरोधों के साथ जुबिलेंट की क्षति की सूचना का संशोधित अगोपनीय रूपांतर प्रस्तुत किया। जुबिलेंट के समर्थन पत्र के साथ दी गई उसकी क्षति की सूचना के गोपनीय रूपांतर वस्तुतः हानियां दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, रिकॉर्ड में रखी गई सूचना की सत्यता की जांच करने के लिए, प्राधिकारी ने सत्यापन

के लिए जुबिलेंट से संगत बैकअप सूचना मांगी। जुबिलेंट से प्राप्त सत्यापित सूचना से पता चलता है कि क्षति की अवधि के दौरान, निर्माता की बिक्री वसूली उत्पादन की लागत से कम थी, जिसके परिणामस्वरूप हानियां हुईं।

24. यह नोट जाता है कि वर्तमान जांच में भाग लेने वाले निर्यातक अर्सदा ने सामग्री को एक ऐसी कीमत पर बेचने का वचन देने की पेशकश की है जो पाटन के क्षतिकारक प्रभाव को समाप्त करने के लिए पर्याप्त है, और घरेलू उद्योग की क्षतिरहित कीमत से मेल खाती है। घरेलू उद्योग ने भी कीमत वचनबद्धता की स्वीकृति के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है। निर्यातक ने अनुरोध किया है कि प्राधिकारी ने वचनबद्धता की स्वीकृति के बाद वर्तमान जांच को रोक दिया है। वैकल्पिक रूप से, निर्यातक ने अनुरोध किया है कि, संबद्ध देश में संबद्ध सामानों का एकमात्र उत्पादक होने के नाते, प्राधिकारी जांच की समाप्ति पर विचार कर सकते हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि कीमत वचनबद्धता की स्वीकृति के बाद जांच समाप्त करना उचित नहीं होगा, क्योंकि कीमत वचनबद्धता का उल्लंघन होने की स्थिति में कोई उपाय उपलब्ध नहीं है।

छ. पाटन का मूल्यांकन और सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत तथा पाटन मार्जिन का निर्धारण

छ.1 उत्तरदाता निर्यातक के विचार

25. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. अर्जादा स्विट्जरलैंड में संबद्ध सामानों का एकमात्र उत्पादक है।

ख. विचाराधीन उत्पाद की निर्यात कीमत आवेदन-पत्र में कथित निर्यात कीमत से बहुत अधिक है।

ग. समुद्री माल भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, क्रेडिट लागत, पैकिंग लागत, बंदरगाह और अन्य संबंधित खर्चों के निमित्त समायोजन का दावा किया गया है।

घ. अर्जादा ने स्वतंत्र व्यापारियों के माध्यम से भारत को निर्यात किया। अर्जादा का इन व्यापारियों पर कोई नियंत्रण या संबंध नहीं है। बार-बार अनुरोध करने के बावजूद, ऐसे व्यापारियों ने जांच में भाग नहीं लिया। तथापि, अर्ज़ादा ने पूरी तरह से सहयोग किया है।

ड. अर्जादा उत्पाद को निर्यात करने के लिए एक स्वैच्छिक कीमत वचनबद्धता देने का इच्छुक है, जो पाटन के किसी भी कथित क्षतिकारक प्रभाव को खत्म करने के लिए पर्याप्त है।

च. प्राधिकारी, प्रस्तुत कीमत वचनबद्धता अनुपालन सत्यापित करने के लिए आर्ज़ादा द्वारा विचाराधीन उत्पाद की निर्यात कीमत की समय-समय पर समीक्षा (संभवतः वार्षिक) कर सकते हैं।

छ. एक बार जब वचनबद्धता प्रस्तुत की जाती है, प्राधिकारी के पास जांच को रोकने या समाप्त करने का विवेकाधिकार है। प्राधिकारी से अनुरोध है कि एक बार वचनबद्धता स्वीकार कर लिए जाने के बाद जांच को रोक दिया जाए। चूंकि आर्ज़ादा एकमात्र उत्पादक है, इसलिए प्राधिकारी जांच समाप्त करने पर भी विचार कर सकते हैं।

ज. वचनबद्धता की स्वीकृति प्रभावी रूप से निर्यात की संपूर्णता को कवर करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि उपायों की प्रभावशीलता को कमजोर करने वाला कोई प्रवंचनाकारी या अवशिष्ट निर्यात नहीं है। इस तथ्य को देखते हुए कि निर्यातक भारत को अधिकांश निर्यात के साथ संबद्ध देश से एकमात्र उत्तरदायी पक्षकार है, आर्ज़ादा की कीमत वचनबद्धता के प्रस्ताव पर विचार किया जाना चाहिए।

झ. यदि आरएम कीमत में कमी जैसे किसी कारण से विचाराधीन उत्पाद की कीमत में कोई बदलाव होता है, जो वचनबद्धता को प्रभावित करता है, तो निर्यातक को वचनबद्धता का संशोधन दायर करने की अनुमति दी जानी चाहिए। तदनुसार, प्राधिकारी को शेष अवधि के लिए संशोधित क्षतिरहित कीमत निर्धारित करनी चाहिए।

छ.2 घरेलू उद्योग के विचार

26. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. संबद्ध देश के घरेलू बाजार में संबद्ध सामानों की कीमतों के बारे में सूचना प्राप्त करने के प्रयास किए गए। तथापि, कीमतें उत्पादकों और प्रयोक्ताओं के बीच लेन-देन की जाती हैं और इसलिए सार्वजनिक पटल पर उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए आवेदक ने बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक खर्चों और उचित लाभ के लिए अतिरिक्त राशि के बाद उपलब्ध तथ्यों के आधार पर स्विट्जरलैंड में उत्पादन लागत के अनुमानों के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया है।

ख. कारखानागत निर्यात कीमत गौण स्रोत आंकड़ों के आधार पर निर्धारित किया गया है। समुद्री माल भाड़ा, समुद्री बीमा, बंदरगाह व्यय, बैंक शुल्क और अंतर्देशीय माल भाड़ा व्यय के निमित्त समायोजन किए गए हैं।

ग. परिकलित पाटन मार्जिन न केवल न्यूनतम स्तर से अधिक है, बल्कि काफी अधिक भी है।

घ. प्राधिकारी से अनुरोध है कि वे जांच करे कि क्या निर्यातक ने उत्पाद के निर्यात में किए गए सभी खर्चों की सूचना दी है। उन सभी कारकों के लिए कीमत समायोजन किया जाना चाहिए जो कीमत तुलनीयता को प्रभावित करते हैं।

ड. प्राधिकारी से अनुरोध है कि वे निर्यातक द्वारा डीजीसीआईएंडएस और डीजी सिस्टम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर निर्यात की मात्रा और मूल्यों का सत्यापन करें, प्रश्नावली के उत्तर को अस्वीकार करें और जब दावे भारतीय सीमा शुल्क के आंकड़ों से मेल नहीं खाते हैं तो उपलब्ध तथ्यों का उपयोग करें, और स्विस और भारतीय सीमा शुल्क अधिकारियों को प्रस्तुत किए गए बीजकों, आय और व्यय की रिपोर्ट करने के लिए उपयोग किए गए लेखांकन बीजकों, बैंक विवरण और पक्षकार के लेखा रिकॉर्ड सहित भुगतान के सबूत की जांच करे। यदि कोई निर्यातक स्विस और भारतीय सीमा शुल्क को विरोधाभासी कीमतों की रिपोर्ट करता है, और यदि निर्यातक भारतीय खरीदारों

से भुगतान का पर्याप्त प्रमाण प्रदान करने में विफल रहते हैं तो उत्तर को अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए।

च. केवल एक्सेल फाइलें समायोजन का पर्याप्त प्रमाण नहीं हैं। उन्हें संगत दस्तावेजों द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। प्राधिकारी को निर्यातकों को साक्ष्य के साथ आवश्यक सूचना प्रस्तुत करने का निर्देश देना चाहिए।

छ. प्राधिकारी से अनुरोध है कि वे निर्यातक की निर्यातक प्रश्नावली के उत्तरों का पूर्णता परीक्षण करे, जिसमें सभी कंपनी प्रचालन और विशेष रूप से विचाराधीन उत्पाद से संबंधित प्रचालन शामिल हों।

ज. समय-बाधित होने के कारण, उत्तर को अस्वीकार किया जाना चाहिए।

झ. चूंकि निर्यातक ने क्षतिरहित कीमत के साथ अपनी कीमतों को अनुरूप होने के लिए कीमत संबंधी वचनबद्धता की पेशकश की है, इसलिए इस तरह की वचनबद्धता पर्याप्त आवधिक निगरानी के साथ स्विट्जरलैंड से पाटन के कारण होने वाली क्षति को पर्याप्त रूप से हल करेगी।

ञ. प्राधिकारी इस वचनबद्धता को स्वीकार करने और जांच को रोकने पर विचार कर सकते हैं, यदि वे संतुष्ट है कि पाटन के क्षतिकारक प्रभावों को ऐसी कार्रवाई से समाप्त कर दिया जाएगा।

छ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

सामान्य मूल्य

27. अर्जादा एजी, स्विट्जरलैंड में संबद्ध सामानों का एकमात्र उत्पादक है जिसने प्राधिकारी को प्रश्नावली का उत्तर दायर किया है। अर्जादा एजी ने जांच की अवधि के दौरान अपने घरेलू बाजार में संबद्ध सामानों को नहीं बेचा है। यह देखा जाता है कि उत्पादक ने संबद्ध सामानों का निर्यात भारत में असंबद्ध व्यापारी के माध्यम से किया है जिसने जांच में भाग नहीं लिया है। निर्यातक ने उल्लेख किया है कि व्यापारी से बार-बार अनुरोध करने के बावजूद, व्यापारी ने जांच में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर भी सामान्य मूल्य के निर्धारण के

लिए अपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, व्यापारी की गैर-भागीदारी को देखते हुए, प्राधिकारी कंपनी के लिए व्यक्तिगत पाटन मार्जिन निर्धारित करने की स्थिति में नहीं हैं।

28. चूंकि भाग लेने वाले उत्पादक से सामान्य मूल्य के संबंध में कोई उचित सत्यापन योग्य दावे नहीं हैं, सामान्य मूल्य उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है। इस प्रकार उचित बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक खर्चों और लाभ मार्जिन के साथ घरेलू उद्योग के उत्पादन की लागत के आधार पर सामान्य मूल्य की गणना की गई है। इस प्रकार निर्धारित सामान्य मूल्य नीचे पाटन मार्जिन तालिका में दिया गया है।

निर्यात कीमत

29. प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम आंकड़ों पर विचार करते हुए उपलब्ध तथ्यों के अनुसार निर्यात कीमत निर्धारित की है और इसका उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है। उपलब्ध तथ्यों के आधार पर समुद्री माल भाड़ा, समुद्री बीमा, बैंक शुल्क और अंतर्देशीय माल भाड़ा के कारण समायोजन किया गया है।

पाटन मार्जिन

30. सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत उपर्युक्तानुसार निर्धारित किया गया है, पाटन मार्जिन निम्नानुसार निर्धारित किया गया है। चूंकि उत्तरदाता निर्यातक एकमात्र उत्पादक है, अत: पाटन मार्जिन निर्यातक के लिए पाटन मार्जिन को दर्शाता है।

पाटन मार्जिन तालिका

देश	सामान्य मूल्य (यूएसडॉ./एमटी)	निर्यात कीमत (यूएसडॉ./एमटी)	पाटन मार्जिन (यूएसडॉ./एमटी)	पाटन मार्जिन (%)	पाटन मार्जिन (रेंज)
स्विट्जरलैंड के सभी उत्पादक/	***	***	***	***	15-25

निर्यातक					

कीमत वचनबद्धता

31. निर्यातक ने प्राधिकारी को कीमत वचनबद्धता प्रस्तुत करने की पेशकश की है। इस पेशकश के भाग के रूप में, निर्यातक भारत को अपनी निर्यात कीमत उस कीमत में संशोधित करने पर सहमत हुआ है जो पाटन के क्षतिकारक प्रभाव को खत्म करने के लिए पर्याप्त है, घरेलू उद्योग के क्षतिरहित कीमत से मेल खाती है। निर्यातक ने अनुरोध किया है कि प्राधिकारी प्रस्तुत कीमत वचनबद्धता के अनुपालन को सत्यापित करने के लिए भारत को अपनी निर्यात कीमत की समय-समय पर वार्षिक समीक्षा करें।

32. यह देखा गया है कि पाटन रोधी नियमावली के नियम 15 के अनुसार, प्राधिकारी एक पाटन रोधी जांच को स्थगित कर सकते हैं यदि जांच के तहत वस्तु का निर्यातक विचाराधीन उत्पाद की कीमतों को संशोधित करने के लिए एक लिखित वचन देता है ताकि पाटन के हानिकारक प्रभावों को समाप्त किया जा सके।

33. दिनांक 28 अक्टूबर 2025 के पत्र के माध्यम से अरक्साडा द्वारा कीमत वचनबद्धता को बढ़ाने की पेशकश को घरेलू उद्योग के साथ भी साझा किया गया था और मौखिक सुनवाई और 19 दिसंबर 2025 की बाद के लिखित अनुरोधों के दौरान दोहराया गया था। यह देखा गया है कि घरेलू उद्योग ने मौखिक सुनवाई के बाद किए गए अनुरोधों के माध्यम से, निर्यातक के कीमत वचनबद्धता के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। मेसर्स अरक्साडा एजी ने 11 मई 2025 के अपने पत्र के माध्यम से अपना विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया है और इन जांच परिणामों में इसकी विस्तार से जांच की गई है। प्राधिकारी ने निर्यातकों द्वारा पाटनरोधी नियमावली के नियम 15 के अनुसार दी गई कीमत वचनबद्धता को स्वीकार कर लिया है।

ज. क्षति और कारणात्मक संबंध का आकलन

ज.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

34. क्षति और कारणात्मक संबंध के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई अनुरोध नहीं किए गए हैं।

ज.2 <u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

35. क्षति और कारणात्मक संबंध के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. क्षति की अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं की मांग में गिरावट आई। आधार वर्ष में, कोविड-19 महामारी के दौरान, एपीआई में इसके उपयोग के कारणात्मक संबद्ध वस्तुओं की मांग अधिक थी, क्योंकि इनका उपयोग एपीआई में होता था और उसके बाद यह सामान्य स्तर पर लौट आई। हालाँकि, ऐतिहासिक रुझान से पता चलता है कि चीन और अमेरिका से आयात पर मूल जांच के आधार वर्ष से वर्तमान जांच के जांच की अवधि तक मांग में 116% की वृद्धि हुई है। चीन पर पहली निर्णायक समीक्षा के जांच की अवधि की तुलना में मांग स्थिर बनी हुई है।

ख. वर्तमान क्षति की अवधि में, न केवल स्विस आयात की मात्रा निरपेक्ष और सापेक्षिक रूप से बढ़ी है, अपितु इस तरह के आयात पाटित की कीमतों पर भारतीय बाजार में प्रवेश कर गए हैं। उत्पादन की शानदार शुरुआत के साथ ही संबद्ध आयात की मात्रा में काफी वृद्धि हुई। कुल आयातों का 40% से अधिक आयात है।

ग. संबद्ध वस्तुओं पर व्यापार उपचारात्मक उपायों का एक इतिहास रहा है। हालाँकि, स्विट्जरलैंड से आयात पहले गैर-पाटित किए गए थे। वास्तव में, स्विट्जरलैंड से महत्वपूर्ण मात्रा को देखते हुए, आवेदक ने स्विट्जरलैंड से निर्यात मूल्य को पहले संपन्न एस एस आर जांच में चीन जन. गण. के लिए सामान्य मूल्य के निर्धारण के आधार के रूप में प्रस्तावित किया था। हालांकि, वर्तमान अवधि में स्विट्जरलैंड से आयात पाटित की कीमतों पर है।

घ. वर्ष 22-23 में स्विट्जरलैंड से आयात बंद हो गया था लेकिन अचानक वर्ष 23-24 में इसमें बढ़ोतरी हुई, जांच की अवधि में और वृद्धि हुई, और घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम कीमत पर था। जांच की अवधि में कीमत में कटौती सकारात्मक थी।

ड. वर्ष 2023-24 और जांच की अवधि में पहुंच मूल्य लागत से भी नीचे चला गया।

च. पाटित किए गए आयात के कारण बाज़ार में कीमतों में गिरावट आई। लागत और घरेलू बिक्री कीमत, दोनों में ही कमी आई, लेकिन बिक्री कीमत में आई गिरावट, लागत में आई गिरावट से कहीं अधिक थी। इसके अलावा, पहुंच कीमत में तो और भी ज़्यादा तेज़ी से गिरावट आई, जिसके चलते घरेलू उद्योग को अपनी कीमतें कम करने पर मजबूर होना पड़ा।

छ. घरेलू उद्योग की क्षमता स्थिर रही, जबकि इसके उत्पादन की मात्रा में गिरावट देखी गई। कीमत में गिरावट के परिणामस्वरूप जांच की अवधि में बिक्री की मात्रा में वृद्धि हुई है।

ज. पाटित की गई कीमतों पर निर्यात की मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ, संबद्ध देश की बाजार हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी।

झ. घरेलू उद्योग तब लाभप्रद था जब आयात की कीमतें उत्पादन लागत के स्तर से बहुत ऊपर थीं। चूंकि आयात की कीमतें लागत और वर्ष 2023-24 में कीमत से नीचे पहुंच गईं और जांच की अवधि, घरेलू उद्योग के लाभ में हानि हो गई, जांच की अवधि में केवल मामूली सुधार हुआ। परिणामस्वरूप, नकद लाभ और आर ओ आई में गिरावट आई है, और लाभ अब लागत का केवल 1% है।

ञ. क्षति की अवधि के दौरान आवेदक की औसत मालसूची में सिवाय वर्ष 2023-24 में मामूली गिरावट के काफी वृद्धि हुई है।

ट. वर्ष 2023-24 तक रोजगार का स्तर में कमी आई और उसके बाद यह स्थिर रहा। इस अवधि में वेतन और मजदूरी में भी गिरावट आई। प्रति दिन उत्पादकता में कमी उत्पादन में कमी के अनुरूप हुई।

ठ. घरेलू उद्योग की वृद्धि पर मात्रा और कीमत मानकों के संदर्भ में पाटित किए गए आयात का प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

ड. पाटित किए गए आयात से भी जुबिलेंट के प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

ढ. संबद्ध देश से आयात बाजार के एक महत्वपूर्ण हिस्से के लिए है। परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग को अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने से रोका गया।

ण. संबद्ध देश से आयात न केवल घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तावित बिक्री कीमत से कम है, बल्कि बिक्री की लागत से भी कम है, जिसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट आई है।

त. घरेलू उद्योग जांच की अवधि में नगण्य लाभ कमा रहा है।

थ. क्षति की अवधि के दौरान, घरेलू उद्योग के लाभ, नकद लाभ और आरओआई में गिरावट आई है।

द. संबद्धत देश द्वारा पाटन किए जाने के कारण, घरेलू उद्योग की वृद्धि पर कीमत और मात्रा के मापदंडों के संबंध में प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

ध. संबद्ध देश से आयात की मात्रा बढ़ गई है और कुल आयात का 40% से अधिक है। जबकि चीन जन. गण. से पाटित की कीमतों पर आयात भी देश में प्रवेश कर रहा है, वही पाटन रोधी शुल्क को आकर्षित कर रहा है और समानांतर रूप से चल रही निर्णायक समीक्षा जांच के अधीन है।

न. क्षति की अवधि में मांग में गिरावट आई है। लेकिन जब ऐतिहासिक रूप से देखा जाए तो मांग में वृद्धि हुई है।

प विचाराधीन उत्पाद के संबंध में खपत के पद्धति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

फ. आवेदक को विकल्प की उपलब्धता के कारणात्मक कोई क्षति नहीं लग रही है।

ब. पी यू सी के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी के साथ-साथ उत्पादन प्रक्रिया में कोई महत्वपूर्ण विकास नहीं हुआ है।

भ. कोई व्यापार-प्रतिबंधक प्रथा नहीं है।

म. क्षति के आंकड़े केवल उद्योग के घरेलू संचालन को दर्शाते हैं, जिसमें निर्यात से कोई प्रभाव शामिल नहीं है।

ज.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

36. *अनुबंध-II के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम-11 में किसी क्षति के निर्धारण में यह उपबंध है कि किसी क्षति जांच में "... पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत कारकों को ध्यान में रखते हुए ..." ऐसे कारकों की जांच शामिल होगी जिनसे घरेलू उद्योग को हुई क्षति का पता चल सकता हो। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय इस बात पर विचार करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से कीमतों में अन्यथा अत्यधिक गिरावट आई है या कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है, जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक बढ़ गई होती। भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री की मात्रा, मालसूची, लाभप्रदता, निवल बिक्री वसूली, पाटन की मात्रा एवं मार्जिन आदि जैसे उद्योग की स्थिति को प्रभावित करने वाले कारकों पर पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-2 के अनुसार विचार किया गया है।*

37. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों पर ध्यान दिया है और इसके तहत नियमों के अनुसार घरेलू उद्योग को हुई क्षति की जांच की है।

एच. 3.1 <u>पाटित किए गए आयात का मात्रा प्रभाव</u>

क. मांग/खपत का आकलन

38. प्राधिकारी ने वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए, भारत में संबद्ध वस्तुओं की मांग या स्पष्ट खपत को घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री, अन्य घरेलू उत्पादक की घरेलू बिक्री और सभी स्रोतों से आयात की राशि के रूप में परिभाषित किया है। विचाराधीन उत्पाद की मांग इस प्रकार है।

विवरण	**इकाई**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**पीओआई**
स्विट्जरलैंड से आयात(संबद्ध देश)	मी.ट.	174	0	600	1,220
चीन जन. गण. से आयात	मी.ट.	7,228	5,569	4,022	2,045
अन्य देशों से आयात	मी.ट.	613	112	0	0
घरेलू उद्योग की बिक्री	मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	76	90	100
अन्य घरेलू उत्पादकों की बिक्री	मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	581	760	954
मांग/खपत	मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	86	87	85

39. यह देखा गया है कि संबद्ध वस्तुओं की मांग 22-23 में कम हो गई है और 23-24 और जांच की अवधि में काफी हद तक समान रही है। क्षति की अवधि में मांग में 15% की गिरावट आई है। घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि मांग आधार वर्ष में काफी

अधिक थी, जिसका प्रभाव कोविड अवधि पर पड़ा क्योंकि उत्पाद का उपयोग दवा क्षेत्र में भी किया जाता है।

ख. निरपेक्ष और सापेक्षिक रूप से आयात

40. पाटित किए गए आयात की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करने की आवश्यकता है कि क्या पाटित किए गए आयात में एक महत्वपूर्ण वृद्धि या तो पूर्ण रूप से या भारत में उत्पादन या खपत के संबंध में हुई है । क्षति विश्लेषण के उद्देश्य से, प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम से प्राप्त लेनदेन-वार आंकड़ों पर भरोसा किया है। क्षति अवधि और जांच की अवधि में पूर्ण रूप से और सापेक्ष रूप से आयात की मात्रा की जानकारी नीचे दी गई है।

विवरण	**इकाई**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**पीओआई**
स्विट्जरलैंड से आयात(संबद्ध देश)	मी.ट.	174	0	600	1,220
चीन जन. गण. से आयात	मी.ट.	7,228	5,569	4,022	2,045
अन्य देशों से आयात	मी.ट.	613	112	0	0
अन्य आयात	मी.ट.	8,015	5,681	4,622	3,265
भारतीय उत्पादन	मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	90	108	123
भारतीय उत्पादन के संबंध में आयात	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	-	319	572

भारतीय खपत	मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	86	87	85
भारतीय खपत के संबंध में संबद्ध आयात	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	-	397	828
कुल आयात के संबंध में संबद्ध आयात	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	-	598	1,721

41. यह देखा गया है कि आधार वर्ष में इस देश से आयात की मात्रा केवल 174 एमटी थी और 22-23 में घटकर शून्य हो गई। हालाँकि, 23-24 में संबद्ध देश से महत्वपूर्ण मात्रा में आयात ने घरेलू बाजार में प्रवेश किया, जो जांच की अवधि में 1200 एमटी से अधिक हो गया। क्षति की अवधि में संबद्ध आयात की मात्रा कई गुना बढ़ गई। इसके अलावा, भारतीय उत्पादन और खपत के संबंध में संबद्ध आयात में भी काफी वृद्धि हुई है। चीन से भी महत्वपूर्ण मात्रा में आयात प्रवेश कर रहा है और यह समानांतर निर्णायक समीक्षा जांच के अधीन था, जिसमें प्राधिकारी ने अधिसूचना संख्या 07/12/2025-डीजीटीआर दिनांक 27 फरवरी, 2026 के माध्यम से शुल्क जारी रखने की सिफारिश की थी।

ज. 3.2 <u>पाटित किए गए आयात का मूल्य प्रभाव</u>

42. अनुबंध II (ii) के संदर्भ में, पाटित किए गए आयात के कीमतों पर प्रभाव के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करने की आवश्यकता है कि क्या पाटित किए गए आयात द्वारा भारत में समान उत्पाद की तुलना में कीमतों में महत्वपूर्ण कटौती की गई है, या

क्या ऐसे आयात का प्रभाव अन्यथा कीमतों को काफी हद तक कम करने या मूल्य वृद्धि को रोकने के लिए है, जो अन्यथा काफी हद तक घटित होती।

क. कीमत में कटौती

43. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या आयात बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों को कम कर रहा है, क्षति की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति की तुलना संबद्ध आयात की पहुंच कीमत से करके मूल्य में कमी निर्धारित की गई है। आयात की पहुंच कीमत और घरेलू उद्योग की कीमतों का विश्लेषण निम्नानुसार है।

विवरण	**इकाई**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**पीओआई**
आयातों की पहुंच कीमत	आईएनआर / मी.ट.	1,87,595	-	1,14,069	1,14,339
निवल बिक्री प्राप्ति	आईएनआर / मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	75	65	60
कीमत कटौती	आईएनआर / मी.ट.	***	***	***	***
	%	***	***	***	***
	% Range	0-10	-	10-20%	0-10%

44. यह देखा गया है कि संबद्ध में पूरे क्षति की अवधि में घरेलू उद्योग की निवल बिक्री 22-23 को छोड़कर प्राप्ति से कम कीमत थी, जब संबद्ध देश से कोई आयात नहीं था। जांच की अवधि में संबद्ध आयात घरेलू कीमतों को काफी कम कर रहा था।

ख. कीमत ह्रास या न्यूनीकरण

45. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या पाटित किए गए आयात घरेलू कीमतों को कम कर रहे हैं और क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों का महत्वपूर्ण हद तक ह्रास है या कीमतों में वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा सामान्य क्रम में हुई होती, क्षति की अवधि में लागत और कीमतों में परिवर्तन की तुलना नीचे दी गई है।

विवरण	**इकाई**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**पीओआई**
उत्पादन की लागत	आईएनआर/ मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	85	74	68
निवल बिक्री प्राप्ति	आईएनआर/ मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	75	65	60
आयातों का पहुंच मूल्य	आईएनआर/ मी.ट.	1,87,595	-	1,14,069	1,14,339
	सूचीबद्ध	100	-	61	61

46. यह देखा गया है कि क्षति की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत में गिरावट आई है। हालांकि, बिक्री कीमत में गिरावट लागत में गिरावट से अधिक थी। इसके अलावा, आयात का पहुंच मूल्य 23-24 और जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत और लागत से भी कम था। घरेलू उद्योग द्वारा यह तर्क दिया गया है कि संबद्ध आयात की पहुंच कीमत इसकी बिक्री कीमत से काफी कम होने और जांच की अवधि में बिक्री की लागत के कारण इसे अपनी बिक्री कीमत को

कम करने के लिए विवश किया गया था। प्राधिकारी का मानना है कि संबद्ध आयात का घरेलू उद्योग की कीमतों पर निराशाजनक और ह्रासकारी प्रभाव पड़ा है।

ज. 3.3 <u>घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंडों पर परिणामी प्रभाव</u>

क. क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और घरेलू बिक्री

47. क्षति अवधि के दौरान क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और घरेलू बिक्री के बारे में जानकारी इस प्रकार है:

विवरण	**इकाई**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**पीओआई**
स्थापित क्षमता	मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	100	100	100
कुल उत्पादन (पी यू सी + एन पी यू सी)	मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	81	86	112
क्षमता उपयोग (पी यू सी + एन पी यू सी)	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	81	86	112
पी यू सी का उत्पादन	मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	64	71	77
घरेलू बिक्री	मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	76	90	100
निर्यात बिक्री	मी.ट.	***	***	***	***

	सूचीबद्ध	100	51	26	26

48. यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग की क्षमता पूरे क्षति की अवधि में समान रही है। हालाँकि, घरेलू उद्योग द्वारा संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन की मात्रा जांच की अवधि में घट गई है। घरेलू उद्योग की बिक्री की मात्रा 22-23 में घट गई और उसके बाद बढ़ोतरी हो गई। हालाँकि, यह देखा जाता है कि बिक्री की मात्रा में वृद्धि 23-24 में हानि उठाने और जांच की अवधि में नगण्य लाभ अर्जित करने की कीमत पर हासिल की गई थी।

ख मांग में बाजार हिस्सेदारी

49. संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान संबद्ध आयात और घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी निम्नानुसार थी:

विवरण	**इकाई**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**पीओआई**
घरेलू उद्योग	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	89	103	118
अन्य भारतीय उत्पाक	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	676	875	1,127
संबद्ध आयात	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	0	397	828
चीन से आयात	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	90	64	33
अन्य देशों से आयात	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	21	0	0

50. क्षति की अवधि में निर्यात मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि और एक साथ पहुंच मूल्य में गिरावट के साथ, संबद्ध देश का बाजार हिस्सा आधार वर्ष में केवल 1% से बढ़कर 11.4% हो गया। यह देखा गया है कि घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा वर्ष 2022-23 में कम हो गया और उसके बाद उसमें बढ़ोत्तरी हो गई। आधार वर्ष में जुबिलेंट ने उत्पादन शुरू किया, जिससे पूरे भारतीय उद्योग का बाजार हिस्सा भी बढ़ गया।

ग. लाभप्रदता, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय

51. क्षति की अवधि में घरेलू उद्योग के लाभ, लाभप्रदता, नकद लाभ, ब्याज से पूर्व लाभ (पीबीआईटी), और निवेश पर आय का विश्लेषण निम्नानुसार किया गया है:

विवरण	**इकाई**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**पीओआई**
आयातों का पहुंच मूल्य	आईएनआर / मी.ट.	1,87,595	-	1,14,069	1,14,339
उत्पादन की लागत	आईएनआर / मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	85	74	68
निवल बिक्री प्राप्ति	आईएनआर / मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	75	65	60
कर पूर्व लाभ	आईएनआर / मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	2	-5	2
कर पूर्व लाभ	आईएनआर लाख	***	***	***	***

	सूचीबद्ध	100	1	-5	2
नकद लाभ	आईएनआर / मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	24	17	20
नकद लाभ	आईएनआर लाख	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	18	15	20
नियोजित पूंजी पर आय	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	5	3	8

52. यह देखा गया है कि क्षति की अवधि में आयात की पहुंच कीमत में भारी कमी के साथ, घरेलू उद्योग के लाभ में भी गिरावट आई। चूंकि आयात की पहुंच कीमत वर्ष 23-24 में लागत को कम करने लगी, घरेलू उद्योग को वर्ष 2023-2024 में हानि हुई और उसने जांच की अवधि में केवल मामूली लाभ अर्जित किया। वर्ष 23-24 तक घरेलू उद्योग के नकद लाभ और आर ओ आई में भी गिरावट आई और जांच की अवधि में मामूली वृद्धि हुई। हालांकि, लाभप्रदता के मामले में घरेलू उद्योग का प्रदर्शन जांच की अवधि में प्रतिकूल रहा। यह देखा गया है कि घरेलू उद्योग का आर ओ सी ई केवल ***% था।

घ. मालसूची

53. क्षति अवधि और पी ओ आई के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची की स्थिति से संबंधित आंकड़े नीचे दी गई तालिका में दिए गए हैं। यह देखा गया है कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के पास मालसूची का औसत स्तर काफी बढ़ गया है।

विवरण	**इकाई**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**पीओआ**

					ई
प्रारंभिक मालसूची	मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	1275	850	1854
अंतिम मालसूची	मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	67	66	97
औसत मालसूची	मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	155	123	225

ड. रोज़गार, मज़दूरी और उत्पादकता

54. घरेलू उद्योग की रोज़गार, मज़दूरी और उत्पादकता के संबंध में स्थिति निम्नानुसार है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि कि कर्मचारियों की संख्या आधार वर्ष से 2023-24 तक कम हुई है, और पी ओ आई में इसमें वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप, पी ओ आई में दिए गए वेतन और मज़दूरी में भी वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग के उत्पादकता स्तरों में वृद्धि हुई है।

विवरण	**इकाई**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**पीओआई**
कर्मचारियों की संख्या	सं.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	82	75	90
वेतन और मजदूरी	लाख रूपए	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	75	89	104
प्रति दिवस उत्पादकता	मी.ट.	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	64	71	77
प्रति कर्मचारी उत्पादकता	मी.ट.	***	***	***	***

	सूचीबद्ध	100	78	96	85

च. वृद्धि

55. यह देखा गया है कि घरेलू उद्योग के कीमत मापदंडों ने क्षति की अवधि में नकारात्मक वृद्धि दर्ज की है।

विवरण	**इकाई**	**2022-23**	**2023-24**	**पीओआई**
उत्पादन (मी.ट.)	%	-36%	11%	7%
घरेलू बिक्री (मी.ट.)	%	-24%	18%	11%
औसत मालसूची(मी.ट.)	%	55%	-21%	84%
पी बी टी (रू./मी.ट.)	%	-98%	-394%	-144%
नकद लाभ (रू./मी.ट.)	%	-76%	-31%	22%
आर ओ सी ई	%	-19%	0%	1%

छ घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक

56. चूँकि संबद्ध आयात की कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम है, इसलिए इसने घरेलू उद्योग की कीमतों पर दबाव पैदा किया है। इसके अलावा, आयात घरेलू उद्योग की क्षति रहित कीमत और बिक्री की लागत से कम है। संबद्ध आयात ने घरेलू उद्योग की कीमतों को कम कर दिया है और कीमत वृद्धि को रोक दिया है, जो अन्यथा हुई होती। इसलिए, प्राधिकारी अस्थायी रूप से यह निष्कर्ष निकालते हैं कि घरेलू उद्योग की कीमतों पर आयात प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।

ज. पाटन मार्जिन का परिमाण

57. यह देखा गया है कि संबद्ध देश से पाटन मार्जिन न केवल न्यूनतम सीमा से अधिक है, बल्कि महत्वपूर्ण भी है।

झ. पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता

58. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति की अवधि में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में काफी गिरावट आई है। यह देखा गया है कि जांच की अवधि में घरेलू उद्योग का आर ओ सी ई केवल ***% था। ऐसे में पूंजी निवेश बढ़ाने की घरेलू उद्योग की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

ञ. गैर-आरोपण विश्लेषण (अन्य कारक)

59. प्राधिकारी ने जांच की है कि क्या पाटन रोधी नियमों के तहत सूचीबद्ध अन्य कारकों से घरेलू उद्योग को नुकसान हुआ होगा। प्राधिकारी ने पाटित किए गए आयात के अलावा ज्ञात कारकों की जांच की और पता लगाया कि क्या ये एक ही समय में घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा रहे हैं, ताकि अन्य, यदि कोई हो, के कारण होने वाली क्षति पाटित किए गए आयात के लिए जिम्मेदार न हो। इस संबंध में प्रासंगिक कारकों में, अन्य बातों के अलावा, पाटित की गई कीमतों पर नहीं बेची गई संबद्ध वस्तुओं की मात्रा, मांग में संकुचन या खपत के पद्धति में परिवर्तन, व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं, प्रौद्योगिकी में परिवर्तन, घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन और घरेलू उद्योग की उत्पादकता शामिल हैं।

क. तीसरे देशों से आयात की मात्रा और कीमत

60. यह देखा गया है कि स्विट्जरलैंड के अलावा, संबद्ध आयात चीन जन. गण. से देश में पहुंच चुके हैं। जबकि संबद्ध देश से आयात 37% है, चीन जन. गण. से आयात संबद्ध वस्तुओं के कुल आयात का 63% है। हालाँकि, इस तरह के आयात पाटन रोधी शुल्क के अधीन हैं। आवेदक द्वारा दायर आवेदन के आधार पर, प्राधिकारी ने चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तुओं के आयात पर लागू पाटन रोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा जांच की, और पाटन रोधी शुल्क के विस्तार की सिफारिश की है।

61. प्राधिकारी मानते हैं कि किसी अन्य देश से पाटन का अस्तित्व स्विट्जरलैंड से पाटन को नहीं नकारता है।

ख. मांग में संकुचन

62. यह देखा गया है कि क्षति की अवधि में मांग में गिरावट आई है। यह देखा गया है कि आधार वर्ष में मांग कोविड-प्रभावित अवधि के कारणात्मक असाधारण रूप से अधिक थी, लेकिन बाद में यह स्थिर हो गई।

ग. अन्य उत्पादकों का निष्पादन

63. जुबिलेंट ने आधार वर्ष में बाजार में प्रवेश किया और आवेदक का समर्थन किया तथा शुल्क लगाने का अनुरोध किया। जुबिलेंट की क्षति की जानकारी से यह देखा जाता है कि यह उत्पादक भी काफी नुकसान पर बिक्री कर रहा है। हालाँकि, इसकी मात्रा में वृद्धि हुई है क्योंकि यह लागत से काफी कम कीमतों पर बिक्री करने वाला एक नया उत्पादक है। घरेलू उद्योग ने यह प्रस्तुत किया है कि आयात के भारी प्रवाह के कारण जुबिलेंट भी संघर्ष कर रहा है।

घ. खपत की पद्धति में परिवर्तन

64. यह देखा गया है कि क्षति की अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद के लिए खपत के पद्धति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है जो घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा सकता था।

ड. प्रतिस्पर्धा की स्थिति और व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं

65. यह देखा गया है कि प्रतिस्पर्धा की स्थितियों या किसी भी व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाओं का कोई प्रमाण नहीं है जो घरेलू उद्योग को कथित क्षति के लिए जिम्मेदार हैं।

च. प्रौद्योगिकी में विकास

66. किसी भी हितबद्ध पक्ष द्वारा प्रौद्योगिकी में महत्वपूर्ण परिवर्तनों के अस्तित्व के बारे में कोई सबूत नहीं लाया गया है जिससे घरेलू उद्योग को नुकसान हो सकता है।

छ घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन

67. यह देखा जाता है कि यहां जांच की गई क्षति की जानकारी, जहां तक आवश्यक और उचित है, केवल घरेलू बाजार के संदर्भ में घरेलू उद्योग के निष्पादन से संबंधित है। इस

प्रकार, घरेलू उद्योग के निर्यात निष्पादन ने घरेलू उद्योग के बिक्री प्रदर्शन को प्रभावित नहीं किया है।

ज. अन्य उत्पादों का निष्पादन

68. घरेलू उद्योग ने समान लेख के लिए क्षति का आंकड़ा प्रदान किया है और इसे प्राधिकारी द्वारा क्षति विश्लेषण के उद्देश्य से अपनाया गया है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और बेचे गए अन्य उत्पादों के निष्पादन पर विचार नहीं किया गया है। इसलिए, उत्पादित और बेचे जाने वाले अन्य उत्पादों का निष्पादन घरेलू उद्योग को क्षति का संभावित कारणात्मक नहीं है।

झ. <u>कारणात्मक संबंध स्थापित करने वाले कारक</u>

69. जबकि नियमों के तहत सूचीबद्ध अन्य ज्ञात कारकों ने घरेलू उद्योग को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि निम्नलिखित मापदंड यह दर्शाते हैं कि घरेलू उद्योग को क्षति पाटित किए गए आयातों के कारण हुई है:

क) संबद्ध देश से आयात की मात्रा जांच की अवधि में निरपेक्ष और सापेक्ष दोनों ही संदर्भों में काफी बढ़ गई है।

ख) आयात का पहुंच मात्रा घरेलू उद्योग के बिक्री कीमत से कम है जिसके परिणामस्वरूप सकारात्मक कीमत में कटौती हुई है।

ग) पाटित किए गए आयात ने घरेलू उद्योग की कीमतों का ह्रास और न्यूनीकरण किया है।

घ) घरेलू उद्योग की वृद्धि पर संबद्ध देश से पाटित किए गए आयात के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

ट. <u>क्षति मार्जिन का निर्धारण</u>

70. प्राधिकारी ने अनुबंध-III में यथासंशोधित नियमावली में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर घरेलू उद्योग के लिए क्षति रहित कीमत का निर्धारण किया है। विचाराधीन उत्पाद

की क्षति रहित कीमत जांच की अवधि के लिए उत्पादन की लागत से संबंधित जानकारी/आंकड़ों को अपनाकर निर्धारित की गई है। क्षति मार्जिन की गणना के लिए संबद्ध देश से आने वाली पहुंच कीमत की तुलना करने के लिए क्षति रहित कीमत पर विचार किया गया है। क्षति रहित कीमत निर्धारित करने के लिए, क्षति की अवधि में घरेलू उद्योग द्वारा कच्चे माल के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। उपयोगिताओं के साथ भी यही प्रक्रिया अपनाई गई है। क्षति की अवधि में उत्पादन क्षमता का सर्वोत्तम उपयोग माना गया है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि उत्पादन की लागत पर कोई असाधारण या गैर-आवर्ती व्यय नहीं लगाया गया था। विचाराधीन उत्पाद के लिए नियोजित औसत पूंजी (यानी औसत निवल निश्चित संपत्ति और औसत कार्यशील पूंजी) पर उचित आय (पूर्व-कर @ 22%) को नियमावली के अनुबंध-III में निर्धारित क्षति रहित कीमत पर पहुंचने के लिए पूर्व-कर लाभ के रूप में अनुमति दी गई थी।

71. प्राधिकारी द्वारा पहुंच कीमत और ऊपर निर्धारित एन आई पी के आधार पर, निर्धारित क्षति मार्जिन नीचे दी गई तालिका में उपलब्ध कराया गया है। चूंकि उत्तर देने वाला निर्यातक एकमात्र उत्पादक है, इसलिए क्षति का मार्जिन निर्यातक के लिए पाटन मार्जिन को दर्शाता है।

क्षति मार्जिन तालिका

देश	**क्षति रहित कीमत (आईएनआर/मी.ट.)**	**आयातों का पहुंच मूल्य (आईएनआर/मी.ट.)**	**क्षति मार्जिन (आईएनआर/मी.ट.)**	**क्षति मार्जिन (%)**	**क्षति मार्जिन (रेंज)**
स्विटजरलैंड से समस्त उत्पादक/निर्यातक	***	***	***	***	5-15

ठ भारतीय उद्योग के हित और अन्य मुद्दे

ठ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

72. किसी अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने भारतीय उद्योग के हित और अन्य मुद्दों के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध नहीं किए हैं।

ठ.2 घरेलू उद्योग के विचार

73. घरेलू उद्योग ने भारतीय उद्योग के हित और अन्य मुद्दों के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. पाटित किए गए आयात से काफ़ी क्षति हो रही है। सभी के लिए समान अवसर बनाए रखने, घरेलू उत्पादन की निरंतरता सुनिश्चित करने और आयात पर निर्भरता को रोकने के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाना अनिवार्य है।

ख. चीन जन. गण. पर शुरूआती शुल्कों ने घरेलू उद्योग को नुकसान से उबरने, लाभ कमाने और एक और समान अवसर पैदा किया जिससे जुबिलेंट निवेश करने और बाजार में प्रवेश करने में सक्षम हो सका। हालाँकि, चीन जन. गण. पर लगाए गए पाटन रोधी शुल्क का लाभ उठाते हुए, जैसे ही जुबिलेंट ने उत पादन शुरू किया, स्विट्जरलैंड से पाटित की गई कीमतों पर आयात शुरू हो गया ।

ग. घरेलू उद्योग दहेज में एक नए संयंत्र में डिकेटेन और एमएए उत्पादन का विस्तार करने के लिए ₹750 करोड़ के निवेश को क्रियान्वित कर रहा है। यह विस्तार भविष्य की मांग को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है; हालाँकि, इस पर पाटित किए गए आयात से सीधा खतरा है।

घ. इन अतिरिक्त क्षमताओं की स्थापना के साथ, भारतीय उद्योग अगले पांच वर्षों में अपेक्षित मांग को पूरा करने के लिए अधिशेष उत्पादन क्षमता के साथ अच्छी स्थिति में होगा।

ङ. एमएए एक प्रमुख फार्मास्युटिकल मध्यवर्ती है जिसका उपयोग कृषि रसायनों और अन्य क्षेत्रों में भी किया जाता है। आवेदक के विश्लेषण से पता चलता है कि एपीआई उत्पादन पर इसका लागत प्रभाव नगण्य है, जो 0% से 1% तक है। इसलिए, अंतिम उत्पाद पर इसका प्रभाव न्यूनतम है।

च. किसी भी आयातक या उपयोगकर्ता ने वर्तमान जांच या संबद्ध वस्तुओं पर किसी भी पिछली जांच में भाग नहीं लिया, जिससे यह संकेत मिलता है कि शुल्क से कोई महत्वपूर्ण प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा। प्राधिकारी ने चीन जन. गण. से आयात के खिलाफ निर्णायक समीक्षा जांच में नोट किया था कि विरोध की कमी से पता चलता है कि उपभोक्ता शुल्क से भौतिक रूप से प्रभावित नहीं हैं।

छ. यह उपभोक्ताओं के हित में है कि एक घरेलू उद्योग द्वारा संचालित उचित मूल्य वाले उत्पादों के साथ एक बाजार हो जो आयात के साथ प्रतिस्पर्धा कर सके।

ठ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

74. प्राधिकारी नोट करते हैं कि व्यापार उपचारात्मक उपायों का प्रथम उद्देश्य अनुचित व्यापार प्रथाओं के कारणात्मक घरेलू उद्योग को होने वाले हानिकारक प्रभावों का मुकाबला करना और भारतीय बाजार में खुले और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बहाल करना है, जो देश के सामान्य हित में है। व्यापार उपचारात्मक उपायों का उद्देश्य संबद्ध देश से आयात को सीमित करना नहीं है। जबकि प्राधिकारी को ज्ञात है कि इस तरह के उपायों से भारत में उत्पाद के के कीमत स्तर प्रभावित हो सकते हैं, प्राधिकारी का मानना है कि इस प्रभाव को अनुचित व्यापार प्रथाओं से घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को दूर करने की आवश्यकता से अधिक महत्व दिया जाता है। इसके विपरीत, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि इन उपायों के सकारात्मक प्रभाव घरेलू उद्योग को और अधिक खराब होने से रोकते हैं, जिससे संबद्ध वस्तुओं के उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी और विविध आपूर्ति बनी रहती है।

75. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों से विचार आमंत्रित करते हुए प्रारंभिक जांच परिणाम जारी किए। प्राधिकारी ने उपयोगकर्ताओं/उपभोक्ताओं के लिए एक प्रश्नावली

भी निर्धारित की है ताकि वे अपने संचालन पर उपायों के किसी भी संभावित प्रभाव सहित वर्तमान जांच के बारे में प्रासंगिक जानकारी प्रदान कर सकें। विभिन्न देशों के विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं द्वारा आपूर्ति किए गए उत्पाद की विनिमेयता, उपभोक्ताओं पर उपायों के प्रभाव आदि पर जानकारी मांगी गई थी।

76. प्राधिकारी ने एक आर्थिक ब्याज प्रश्नावली निर्धारित की थी जिसे इस जांच के लिए सभी हितबद्ध पक्षकारों को भेजा गया था। केवल घरेलू उद्योग और भाग लेने वाले निर्यातक ने आर्थिक हित प्रश्नावली का जवाब दिया है। वर्तमान जांच में किसी भी उपयोगकर्ता या आयातक ने भाग नहीं लिया है।

77. प्राधिकारी यह स्वीकार करते हैं कि एक नए उत्पादक, जुबिलेंट इंग्रेविया ने जांच अवधि के आधार वर्ष के दौरान भारत में संबद्ध वस्तुओं की उत्पादन क्षमता स्थापित की है। इससे घरेलू मांग को पूरा करने में मदद मिली है। इसलिए, देश में किसी भी मांग आपूर्ति अंतर को दूर कर दिया गया है। प्राधिकारी आगे यह स्पष्ट करते हैं कि आपूर्ति की कमी अनुचित आयात को उचित नहीं ठहराती है। यदि घरेलू मांग घरेलू क्षमता से अधिक हो जाती है, तो आयात उचित कीमतों पर देश में आयात करना जारी रख सकते हैं।

78. घरेलू उद्योग ने डाउनस्ट्रीम फार्मास्युटिकल उद्योग की लागत पर संबद्ध वस्तुओं के कारणात्मक लागत के प्रभाव को परिमाणित किया है। यह देखा गया है कि डाउनस्ट्रीम उत्पादों के उत्पादन में संबद्ध वस्तुओं की लागत बहुत कम है। घरेलू उद्योग द्वारा यह कहा गया है कि डाउनस्ट्रीम एपीआई मुख्य रूप से लवण हैं जिन्हें आगे डाउनस्ट्रीम उद्योगों द्वारा संसाधित किया जाता है। इसलिए, शुल्कों का प्रभाव नगण्य होगा। इसके अलावा, किसी भी आयातक या उपयोगकर्ता ने या तो संबद्ध वस्तुओं के आयात से संबंधित पिछली जांच या वर्तमान जांच में भाग नहीं लिया। यह आगे यह इस बात को और अधिक उचित ठहराता है कि अनुप्रवाह उद्योग उपायों से प्रभावित नहीं है।

क्र.सं.	**विवरण**	**इकाई**	

1	एमलोडिपाइन का पहुंच मूल्य (हाई बी पी के इलाज के लिए प्रयुक्त होता है)	रू./किग्रा.	10,117
	एक किग्रा. एपीआई में इस्तेमाल एमएए की मात्रा	किग्रा.	0.2994
	एम ए ए की लागत	(रू./मी.ट.)	***
	एमएए की लागत	रू./किग्रा.	***
	एक किग्रा एपीआई में एमएए की लागत	रू./किग्रा.	***
	डाउनस्ट्रीम एपीआई में एमएए इनपुट का लागत घटक	%	0.35%
2	क्लोक्सासीलिन का पहुंच मूल्य (विभिन्न बैक्टीरियल इन्फेक्शन के इलाज के लिए इस्तेमाल होता है)	रू./किग्रा.	4,409
	एक किग्रा. एपीआई में इस्तेमाल एमएए की मात्रा	किग्रा.	0.3274
	एमएए की लागत	(रू/मी.ट.)	***
	एमएए की लागत	(रू./किग्रा.)	***
	एक किग्रा. एपीआई में एमएए इनपुट की लागत	रू./किग्रा.	***
	डाउनस्ट्रीम एपीआई में एमएए इनपुट का लागत घटक	%	0.89%
3	डोमपेरीडोन का पहुंच मूल्य (मतली, उल्टी, अपच के इलाज के लिए इस्तेमाल होता है)	रू./किग्रा.	18,571
	एक किग्रा. एपीआई में इस्तेमाल एमएए की मात्रा	किग्रा.	0.4595
	एमएए की लागत	(रू./मी.ट.)	***

	एमएए की लागत	(रू./किग्रा.)	***
	एक किग्रा एपीआई में एमएए इनपुट की लागत	रू./किग्रा.	***
	डाउनस्ट्रीम एपीआई में एमएए इनपुट का लागत घटक	%	0.30%

79. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तुओं के आयात पर पिछली जांचों के शुल्कों के सकारात्मक प्रभाव के कारण, घरेलू उद्योग इस उत्पाद में महत्वपूर्ण निवेश कर रहा है। हालाँकि, वर्तमान क्षति की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग इस उत्पाद में नगण्य लाभ अर्जित कर रहा है और महत्वपूर्ण क्षति का सामना कर रहा है। घरेलू उद्योग के समग्र प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिससे किए गए निवेश की व्यवहार्यता खतरे में पड़ गई है।

80. प्राधिकारी का मानना है कि निर्यातक द्वारा दी गई कीमत वचनबद्धता को स्वीकार करना सार्वजनिक हित में होगा। यह उपक्रम किसी भी तरह से आयात को प्रतिबंधित नहीं करेगा और उपभोक्ता संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं तक पहुंचने के लिए स्वतंत्र रहेंगे। चूंकि निर्यातक क्षति रहित कीमत से मेल खाने वाली कीमत पर निर्यात करने के लिए सहमत हो गया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस वचनबद्धता को स्वीकार करने से यह सुनिश्चित होगा कि संबंधित देश से आयात उचित मूल्य पर बाजार में प्रवेश करें।

ड. <u>प्रकटन पश्चात टिप्पणियां</u>

ड.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

81. प्रकटन विवरण के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए थे:

क. प्राधिकारी से अनुरोध है कि वे वचनद्धबता तंत्र को चालू करें क्योंकि उत्तरदाता ने प्रदर्श-1 के रूप में कीमत वचनबद्धता प्रस्तुत की है।

ख. डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार का अनुच्छेद 8 और पाटनरोधी नियमावली के नियम 15(1) प्राधिकारी को पाटन के प्रभाव को खत्म करने के लिए वचनबद्धता की स्वीकृति पर जांच को रोकने या समाप्त करने का अधिकार देता है।

ग. प्राधिकारी से अनुरोध है कि वे कीमत वचनबद्धता को स्वीकार करें और कंपनी के विरुद्ध जांच को रोकें। चूंकि उत्तरदाता स्विट्जरलैंड से एकमात्र निर्यातक है, इसलिए प्राधिकारी जांच को पूरी तरह से समाप्त भी कर सकते हैं।

घ. चूंकि कीमत वचनबद्धता क्षतिरहित कीमत की पूर्ण सीमा तक पेश की जाती है, इसलिए कीमत वचनबद्धता में घरेलू बिक्री की सूचना आवश्यक नहीं है।

ड. यदि प्राधिकारी जांच जारी रखने का निर्णय लेते हैं, तो उत्तरदाता को शुल्क सिफारिश से बाहर रखा जाना चाहिए क्योंकि इसके निर्यात स्वीकृत वचनबद्धता द्वारा शासित होंगे।

च. क्षतिरहित कीमत की पूरी सीमा तक वचनबद्धता की पेशकश की जाती है। उत्तरदाता 12 महीने के आधार पर प्रत्येक लदान के लिए बीजक आवश्यकताओं का पालन करने के लिए सहमत हो गया है।

छ. चूंकि उत्तरदाता ने वर्तमान जांच में कीमत वचनबद्धता दी है, अत: वह प्रकटन विवरण में पाए गए अन्य मुद्दों पर कोई टिप्पणी नहीं दे रहा है।

ड.2 <u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

82. प्रकटन विवरण के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए थे:

क. यह प्राधिकारी द्वारा विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र, स्थिति, सामान्य मूल्य, पाटन मार्जिन, निर्यात कीमत, घरेलू उद्योग को भौतिक क्षति को प्रमाणित करने वाले क्षति मापदंडों के विश्लेषण और पाटनरोधी शुल्क लगाने के महत्वहीन प्रभाव के संबंध में निकाले गए निष्कर्ष से सहमत है और उसके साथ है।

ख. यह देखते हुए कि आज़ादा एजी स्विट्जरलैंड में संबद्ध सामानों का एकमात्र उत्पादक और निर्यातक है, और यह देखते हुए कि निर्यातक ने स्वैच्छिक रूप से घरेलू उद्योग की क्षतिरहित कीमत के अनुरूप स्तर पर संबद्ध सामानों का निर्यात करने के लिए एक कीमत वचनबद्धता दी है, साथ ही समय-समय पर समीक्षा करने के लिए सहमति दी है, आवेदक अनुरोध करता है कि प्रभावी निगरानी के अधीन, ऐसी वचनबद्धता स्विट्जरलैंड से पाटित आयातों से होने वाली क्षति को पर्याप्त रूप से हल करेगी।

ग. आवेदक ने अनुरोध किया है कि निर्यातक द्वारा दी गई कीमत वचनबद्धता पाटन के क्षतिकारक प्रभावों को समाप्त करने के लिए पर्याप्त है।

ड.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

83. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रकटन पश्चात अनुरोधों की जांच की है। यह देखा जाता है कि इनमें से अधिकतर अनुरोध उन तर्कों और धारणाओं की पुनरावृत्ति हैं जिनकी पहले ही जांच की जा चुकी है और इन अंतिम जांच परिणामों के संगत पैराओं में आवश्यक मानी गई सीमा तक हल किया गया है और संक्षिप्तता के लिए प्राधिकारी द्वारा प्रकटन पश्चात जांच में दोहराया नहीं जा रहा है।

84. यह नोट किया जाता है कि वर्तमान जांच में, एकमात्र उत्तरदाता निर्यातक ने प्रकटन विवरण जारी करने के बाद निर्धारित रूप और तरीके से कीमत वचनबद्धता दी है और उसी की जांच नीचे की गई है।

85. निर्यातक द्वारा प्रस्ताव का सार नीचे दिया गया है:

क. कंपनी ने पहुंच कीमत स्तर पर क्षतिरहित कीमत (एनआईपी) से कम भारत को उत्पाद निर्यात नहीं करने पर सहमति व्यक्त की है।

ख. कंपनी ने सहायक कंपनियों, एजेंटों या तीसरे देश के मार्ग के माध्यम से व्यवस्था की प्रवंचना न करने का काम किया है।

ग. कंपनी डीजीटीआर को आवश्यक दस्तावेज, बीजक और वाणिज्यिक सूचना प्रदान करने के लिए सहमत हो गई है।

घ. कंपनी ने उत्पाद क्षेत्र के अंतर्गत कवर किए गए किसी भी नए ग्रेड/मॉडल/आकार डीजीटीआर को सूचित करने की प्रतिबद्धता जताई है।

ड. कंपनी अनुपालन सूचना प्रदान करने और डीजीटीआर द्वारा सत्यापन की अनुमति देने के लिए सहमत हुई है।

च. कंपनी उल्लंघन, नए तथ्यों या बदली हुई परिस्थितियों के मामले में वचनबद्धता को समाप्त करने के डीजीटीआर के अधिकार को स्वीकार करती है।

छ. कंपनी ने वचनबद्धता वापस लेने से पहले 30 दिन पूर्व का नोटिस देने पर सहमति व्यक्त की है।

ज. कंपनी ने भारत में पहुंच कीमत स्तर पर मेथिल एसिटोएसीटेट के लिए 1,450-1,550 अमेरिकी डॉलर प्रति एमटी की कीमत का प्रस्ताव रखा है।

86. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कीमत वचनबद्धता का उद्देश्य घरेलू उद्योग और निर्यातक दोनों को स्वीकार्य शर्तों पर, साथ ही प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित, क्षतिकारक अनुचित व्यापार परिपाटियों के स्वैच्छिक समाधान के लिए एक विकल्प प्रदान करना है। प्राधिकारी का मानना है कि डिस्क्लोजर स्टेटमेंट में डंपिंग और नुकसान के बारे में की गई जांच और निष्कर्ष नियम 15(2) की ज़रूरतों को पूरा करते हैं। साथ ही, एक्सपोर्टर्स का प्रस्ताव भी संतोषजनक पाया गया है। घरेलू इंडस्ट्री ने भी माना है कि उन्हें इस वादे को स्वीकार करने पर कोई आपत्ति नहीं है। इसलिए, प्राधिकारी इस मामले में एक्सपोर्टर द्वारा पेश किए गए कीमत से जुड़े वादे को स्वीकार करना उचित समझती है।

87. यह भी नोट किया जाता है कि उत्तरदाता निर्यातक संबंधित वस्तु का एकमात्र उत्पादक है और स्विट्जरलैंड से होने वाले आयातों का संपूर्ण प्रतिनिधित्व करता है। घरेलू उद्योग ने भी यह कहा है कि यह निर्यातक स्विट्जरलैंड में उक्त उत्पाद का एकमात्र उत्पादक है। अतः स्विट्जरलैंड के किसी अन्य उत्पादक/निर्यातक के लिए शुल्क की मात्रा निर्धारित करना आवश्यक नहीं माना गया है।

88. प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऐसी स्थिति में जहां निर्यातक ने कीमत वचनबद्धता दी है और जिसे प्राधिकारी द्वारा स्वीकार किया गया है, प्राधिकारी जांच को रोक सकते हैं

या समाप्त कर सकते हैं। वर्तमान मामले में, यह उचित पाया गया है कि वर्तमान जांच को रोक दिया जाए ताकि भविष्य में इसके उल्लंघन की किसी भी संभावना को दूर किया जा सके।

ढ. निष्कर्ष

89. उठाए गए तर्कों, प्रदान की गई सूचना और हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों और प्राधिकारी के समक्ष उपलब्ध तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, जैसा कि उपरोक्त जांच परिणामों में दर्ज किया गया है, और पाटन, क्षति और घरेलू उद्योग के कारणात्मक संपर्क के उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर, प्राधिकारी निम्नलिखित निष्कर्ष निकालते हैं:

क. विचाराधीन उत्पाद मिथाइल एसिटोएसीटेट है, जिसे एमएए/एमएएई/एएएमई के रूप में भी जाना जाता है।

ख. संबद्ध सामान सीमा प्रशुल्क अधिनियम 1975 के सीमा शुल्क उपशीर्ष 29183040, 29183090 और 29189990 के तहत सीमा प्रशुल्क अधिनियम के अध्याय 29 के तहत आयात किया जा रहा है। सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक हैं और विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

ग. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित सामान संबद्ध देश से आयात किए जा रहे संबद्ध सामानों की "वस्तु के समान" हैं।

घ. स्विट्जरलैंड से संबद्ध सामानों के आयात पर पाटनरोधी शुल्क जांच शुरू करने के लिए आवेदन-पत्र लक्ष्मी ऑर्गेनिक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा दायर किया गया था।

ड. आवेदक भारत में संबद्ध सामानों का एकमात्र उत्पादक था। क्षति की अवधि के दौरान, अर्थात 2021-2022 (फरवरी 2022 में) संबद्ध सामानों के एक अन्य उत्पादक अर्थात जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड ने क्षमता स्थापित की है और बाजार में प्रवेश किया है।

च. जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड ने आवेदन-पत्र और शुल्क लगाने का समर्थन किया है। जुबिलेंट द्वारा दायर सूचना से यह भी पता चलता है कि कंपनी को विचाराधीन उत्पाद में क्षति हुई है।

छ. रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना के आधार पर, प्राधिकारी ने निर्धारित किया है कि आवेदक के उत्पादन का भारतीय उत्पाद में प्रमुख अनुपात था। अतः, प्राधिकारी ने यह निर्धारित किया है कि आवेदक नियमावली के नियम 2(ख) के तहत घरेलू उद्योग है और आवेदन-पत्र नियम 5(3) के अनुसार आधार के मानदंडों को पूरा करता है।

ज. संबद्ध देश से एकमात्र उत्पादक अज़ार्दा एजी ने वर्तमान जांच में खुद को पंजीकृत किया और निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर दायर किया है।

झ. प्राधिकारी ने उत्तरदाता निर्यातक द्वारा प्रदान की गई अपर्याप्त सूचना के मद्देनज़र उपलब्ध तथ्यों के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया। उत्पादन लागत, उचित बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय और लाभ मार्जिन के संबंध में उपलब्ध तथ्यों के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया गया है।

ञ. प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम के आंकड़ों के अनुसार निर्यात कीमत निर्धारित की है और समुद्री माल भाड़ा, समुद्री बीमा, बैंक शुल्क और अंतर्देशीय माल भाड़ा के निमित्त समायोजन किया है।

ट. निर्धारित सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत को ध्यान में रखते हुए, संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के लिए पाटन मार्जिन सकारात्मक, न्यूनतम स्तर से अधिक और काफी है। संबद्ध आयात पाटित कीमतों पर भारत में आए।

ठ. क्षति की अवधि में मांग में गिरावट आई है। यह आधार वर्ष में काफी अधिक थी, जिसमें कोविड अवधि का प्रभाव था क्योंकि उत्पाद का प्रयोग दवा क्षेत्र में भी किया जाता है।

ड. संबद्ध आयातों की मात्रा पूर्ण रूप से और साथ ही भारतीय उत्पादन और खपत के संबंध में काफी बनी हुई है।

ढ. संबद्ध आयात जांच की अवधि में घरेलू कीमतों की कटौती कर रहे हैं।

ण. संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत से काफी कम है। परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग को अपनी बिक्री कीमत कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। पाटित आयातों का घरेलू उद्योग की कीमतों पर न्यूनीकरण और ह्रासमान प्रभाव था।

त. घरेलू उद्योग के उत्पादन और संबद्ध सामानों के लिए बिक्री की मात्रा में क्षति की अवधि में गिरावट आई। घरेलू उद्योग को क्षति की जांच अवधि में बिक्री की मात्रा और बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए अपनी कीमतें कम करनी पड़ीं।

थ. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट आई क्योंकि पाटित आयातों का पहुंच मूल्य तेजी से घट गया, और जैसे ही 2023-24 में आयात का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत को कम करने लगा, घरेलू उद्योग को हानियां हुई और जांच की अवधि में केवल नगण्य लाभ अर्जित हुआ।

द. घरेलू उद्योग ने क्षति की अवधि में मालसूची संचित की है।

ध. गैर-आरोपण मापदंडों से पता चलता है कि किसी भी अन्य कारक से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हुई है। चीन जन.गण. से आयातों की अलग से जांच की गई है और प्राधिकारी ने पाटनरोधी शुल्क बढ़ाए जाने की सिफारिश की है।

न. प्राधिकारी द्वारा परिकलित क्षतिरहित कीमत और संबद्ध आयात की पहुंच कीमत को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी ने पाया कि क्षति मार्जिन काफी है।

प. चूंकि उत्तरदाता निर्यातक एकमात्र उत्पादक है, इसलिए पाटन और क्षति मार्जिन निर्यातक के लिए पाटन मार्जिन को दर्शाता है।

फ. मैसर्स अरक्साडा एजी द्वारा कीमत वचनबद्धता की पेशकश की गई है, जिसके तहत निर्यातक क्षतिरहित कीमत के स्तर तक अपनी कीमतों को संशोधित करने के लिए सहमत हुए। एकमात्र ज्ञात उत्पादक और निर्यातक द्वारा प्रस्तावित कीमत वचनबद्धता उपयुक्त पाई गई है। प्राधिकारी ने उक्त कीमत वचनबद्धता को स्वीकार कर लिया है।

ब. कीमत वचनबद्धता स्वीकार करना जनहित में है।

ण. कीमत वचनबद्धता

90. कीमत वचनबद्धता के संबंध में जांच को रोकने या समाप्त करने से संबंधित नियम 15 में यह प्रावधान है कि प्राधिकारी जांच को रोक सकते हैं या समाप्त कर सकते हैं यदि प्रश्नगत वस्तु का निर्यातक निर्दिष्ट प्राधिकारी को लिखित में एक वचन देता है कि वह कीमतों को संशोधित करेगा ताकि उक्त वस्तु का कोई भी निर्यात भारत में पाटित कीमतों पर न किया जाए, या निर्दिष्ट देशों से आयात के मामले में कीमतों को संशोधित करने का वचन देता है ताकि पाटन के क्षतिकारक प्रभाव को समाप्त किया जा सके और निर्दिष्ट प्राधिकारी संतुष्ट हों कि पाटन के क्षतिकारक प्रभाव को समाप्त कर दिया गया है।

91. मैसर्स अरक्साडा एजी, जो संबंधित देश से एकमात्र ज्ञात उत्पादक और निर्यातक है, ने इस जांच में भाग लिया और कीमत संबंधी वचनबद्धता देने की इच्छा जताई। घरेलू उद्योग ने उत्पादक द्वारा दी गई वचनबद्धता पर कोई आपत्ति नहीं जताई है। निर्यातक ने 11 मई 2025 के पत्र के माध्यम से अपना विस्तृत प्रस्ताव सौंपा, जिसकी जांच प्राधिकारी द्वारा विस्तार से की गई। जांच के बाद, प्राधिकारी ने पाया कि निर्यातक द्वारा दी गई वचनबद्धता पाटन के नुकसानदेह असर को पर्याप्त रूप से दूर करती है और इसलिए यह स्वीकार्य है। तदनुसार, मैसर्स अरक्साडा एजी ने 8 जून 2026 को अधिकृत अधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित कीमत संबंधी वचनबद्धता सौंपी, जिसके तहत वह संबंधित माल, अर्थात् मिथाइल एसिटोएसीटेट (जिसे एमएए/एमएएई/एएएमई के रूप में भी जाना जाता है) का निर्यात भारत में सीआईएफ कम कीमतों पर नहीं करेगा, जिसमें *** अमरीकी डॉलर/एमटी का मूल सीमा शुल्क शामिल है।

92. यह वचनबद्धता पाटनरोधी नियमावली के लागू प्रावधानों के अनुसार समीक्षा के अधीन इस अधिसूचना की तारीख से पांच साल की अवधि के लिए वैध होगी। यह वचनबद्धता निम्नलिखित पर लागू नहीं होगी:

(i) अग्रिम प्राधिकार/लाइसेंस धारक आयातकों को की गई बिक्री; और

(ii) निर्यातोन्मुख इकाइयों (ईओयू) को की गई बिक्री।

93. निर्यातक प्राधिकारी को ऐसी सूचना और दस्तावेज प्रस्तुत करेगा जो समय-समय पर वचनबद्धता की शर्तों के अनुपालन को दर्शाने और यह सिद्ध करने के लिए आवश्यक हो कि वचनबद्धता का उल्लंघन नहीं किया जा रहा है।

94. निर्यातक ने पूरी उपयुक्त सूचना प्रदान करने पर भी सहमति दी है जिसे प्राधिकारी संगत और आवश्यक मानते हैं। यह नोट किया जाता है कि कीमत वचनबद्धता सार्वजनिक हित का काम करती है। यह आयात पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाएगा, और उपभोक्ताओं को संबद्ध देश से संबद्ध सामानों तक मुक्त पहुंच जारी रहेगी। प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस वचनबद्धता को स्वीकार करने से यह सुनिश्चित होगा कि संबद्ध देश से आयात उचित कीमत पर बाजार में प्रवेश करें।

95. प्राधिकारी आवधिक रूप से कंपनी द्वारा किए गए निर्यातों की समीक्षा करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कि उक्त वचनबद्धता का पूरी तरह से अनुपालन किया जा रहा है। वचनबद्धता के किसी भी उल्लंघन की स्थिति में, प्राधिकारी को फिर से जांच शुरु करने का अधिकार और अगली जांच होने तक उचित पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के लिए केन्द्र सरकार को सिफारिश करने का अधिकार है। ऐसी सिफारिशें वर्तमान जांच के दौरान उपलब्ध सूचना या उचित स्रोतों से प्राधिकारी के ध्यान में लाई गई किसी भी अतिरिक्त सूचना पर आधारित हो सकती हैं। उल्लंघन की स्थिति में सिफारिश किए गए पाटनरोधी शुल्क ऐसे उल्लंघन या वचनबद्धता की वापसी की तारीख से पूर्वव्यापी रूप से लागू किए जाएंगे। प्राधिकारी, स्व-विवेक से या निर्यातक, घरेलू उद्योग, आयातकों या किसी अन्य हितबद्ध पक्षकार के अनुरोध पर, समय-समय पर वचनबद्धता को जारी रखने की आवश्यकता की समीक्षा कर सकते हैं।

त. <u>जांच को रोकना</u>

96. प्राधिकारी नोट करते हैं कि मैसर्स अरक्साडा एजी संबद्ध देश से एकमात्र ज्ञात उत्पादक और निर्यातक है, और यह कि उक्त निर्यातक द्वारा पेश की गई कीमत वचनबद्धता को स्वीकार कर लिया गया है। तदनुसार, पाटनरोधी नियमावली के नियम 15 के अनुसार, प्राधिकारी स्विट्जरलैंड के मूल के अथवा वहां से निर्यातित

एसिटोएसीटेट के आयात के संबंध में वर्तमान पाटनरोधी जांच को एतद्द्वारा रोकते हैं, जिसे अधिसूचना संख्या फा. सं. 6/22/2025-डीजीटीआर दिनांक 26 जून 2025 के माध्यम से शुरू किया गया था।

(अमिताभ कुमार)
निर्दिष्ट प्राधिकारी

Digitally signed by
Amitabh Kumar
Date: 17-06-2026
18:57:48